उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, सूटरगंज, कानपुर
सार्वजनिक लिखित बोली टेण्डर फार्म

सार्वजनिक नीलामी सूचना सं0	–2/2017–18
निविदा प्राप्त करने की तिथि	–04.01.2018 से 09.01.2018 तक
लिखित निविदा खोलने की तिथि	–10/01/2018 को अपरान्ह 03:00 बजे
निविदा खोलने का स्थान–	–निदेशक कक्ष
न्यूनतम स्कैप मूल्य	–रू0 2,60,000.00

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, सूटरगंज, कानपुर में निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी की कार्यवाही 'जहॉ है जैसा है' की स्थिति में नीलामी हेतु वित्तीय भाव बोली आमत्रिंत की जाती है। निविदा निदेशक कार्यालय से रू01000.00 नगद भुगतान करके दिनांक 04.01.2018 से 09.01.2018 तक प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे तक कय किया जा सकता है तथा दिनांक 10.01.2018 तक प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक जमा किया जा सकता है तथा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे समिति के सदस्यों के समक्ष लिखित मोहरबन्द निविदा खोली जायेगी। निष्प्रयोज्य सामग्री का निरीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सामग्री स्थल पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जा सकता है अधिकतम लिखित बोलीकर्ता को निष्प्रयोज्य सामग्री प्राप्त करने का अधिकार होगा। अगर दो या दो अधिक फर्मो द्वारा दी गई दरें समान होती है तो उन निविदादाताओं के मध्य खुली बोली से अधिकतम दर का निर्धारण किया जायेगा। उक्त नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तितो को धरोहर धनराशि रू0 10,000.00 जो राष्ट्रीय बचत पत्र/राष्ट्रीकृत बैंक की एफ0डी0आर0/राष्ट्रीय बैंक के डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के नाम से पदबन्धक हो एवं जी0एस0टी0 नं0/आाधार कार्ड की छायाप्रति निविदा के साथ स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त कार्यलय दिवस में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा नीलामी में भाग लेना सम्भव नहीं होगा। विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम स्कैप मूल्य रू0 2,60,000.00 से नीचे की बोली स्वीकार नहीं की जायेगी। उच्चतम लिखित बोलीकर्ता द्वारा बोली का 25 प्रतिशत (धरोहर धनराशि को समायोजित करते हुए) ड्राफ्ट के रूप में जो निदेशक,उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर को देय होगा। यदि धनराशि जमा नहीं की जायेगी तो धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। नीलामी स्वीकृत हो जाने के उपरान्त उच्चतम लिखित बोलीकर्ता को सूचना प्राप्त होने के 02 दिन के अन्दर शेष 75 प्रतिशत धनराशि ड्राफ्ट के रूम में एवं उस पर देय जी0एस0टी0 शुल्क अलग ड्राफ्ट के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बोली को निरस्त करते हुए धरोहर धनराशि जब्त करने का अधिकार विभाग को सुरक्षित होगा। उच्चतम लिखित बोलीकर्ता द्वारा पूर्ण धनराशि जमा करने के 20 दिन के अन्दर नीलाम की गयी सामग्री को उठाना होगा। जिसमें किसी प्रकार की विलम्ब एवं सामग्री की क्षति के लिये लिखित भाव बोलीकर्ता स्वयं उत्तरदायी होगा। निर्धारित अवधि समाप्त होने के उपरान्त लिखित भाव बोलीकर्ता को अपनी बोली के 1 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ग्राउण्ड रेन्ट देना होगा। एवं सामग्री के रखरखाव का प्रबन्ध उसे स्वयं करना होगा। किसी भी वाद की स्थिति में वाद न्याय विभाग जनपद, कानपुर नगर के अधीन मान्य होगा। नीलामी से सम्बन्धित समस्त कार्यवाही वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रतिष्ठ 19 घ के अनुसार निर्धारित एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्णित अन्य शर्तो के अधीन की जायेगी।

क0सं0	विवरण	धरोहर धनराशि	लिखित बोली का मूल्य पूर्ण रूपयों में
1	लकड़ी तथा लोहे के फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक्स सामग्रियॉ, कम्प्यूटर, प्रिंटर, यू0पी0एस0, मशीनो, ए0सी0 तथा अन्य सामान इत्यादि।	10000.00	

फर्म कर्ता के हस्ताक्षर

<u>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, सूटरगंज, कानपुर</u>

<u>सार्वजनिक नीलामी की सूचना</u>

<u>विज्ञप्ति सं0–2 / 2017–18</u>

उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, सूटरगंज, कानपुर के विभिन्न विभागों में निष्प्रयोज्य उपकरण फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक्स सामान, कम्प्यूटर, प्रिंटर, मशीनें, यू0पी0एस0 तथा ए0सी0 आदि की नीलामी की कार्यवाही 'जहॉं है जैसा है' की स्थिति में नीलामी हेतु वित्तीय भाव (बोली) आमंत्रित की जाती है। अल्पकालीन निविदा प्रपत्र निदेशक कार्यालय से रू0|500 नगद भुगतान करके दिनाक 04.01.2018 से 09.01.18 तक सांय 5:00 बजे तक कय किया जा सकता है तथा दिनांक 10.01.18 को अपरान्ह 3:00 बजे बोली कर्ताओं के समक्ष खोले जायेगें। निदेशक को किसी भी अथवा नीलामी को बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा। उक्त निविदा की सूचना www.uptti.com.in पर देखा जा सकता हैं। नीलामी में भाग लेने वाले इच्दुक व्यक्ति उक्त दिवसों में निष्प्रयोज्य सामग्री का निरीक्षण
कर सकते है।
हैं।

निदेशक